# सीयूइटी लिस्ट में शामिल करने के लिए एनटीए को पत्र भेजा जायेगा

**रांची विवि**

**एनटीए की सूची में वर्तमान में सिर्फ झारखंड रक्षा शक्ति विवि शामिल है**

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट (सीयूइटी) के माध्यम से नामांकन के लिए रांची विवि एनटीए को लिस्ट में शामिल करने के लिए पत्र भेजेगा. एनटीए की सूची में वर्तमान में सिर्फ झारखंड रक्षा शक्ति विवि शामिल है. एनटीए ने 12 मार्च तक स्नातक में नामांकन के लिए फॉर्म भरने की तिथि निर्धारित की है. रांची विवि में नामांकन के लिए विद्यार्थी फॉर्म भर सकते हैं. नामांकन के समय संबंधित विद्यार्थी स्कोर के आधार पर नामांकन ले सकेंगे. इस बीच रांची विवि के भी लिस्ट में शामिल होने की उम्मीद है. इधर विवि प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से हो सके, इसके लिए एक वर्किंग कमेटी का गठन करने का फैसला लिया है. जिसमें विवि के डीएसडब्ल्यू सहित कॉलेज के प्राचार्य, विवि के अधिकारी व अन्य लोग शामिल होंगे.

## सीयूजे में यूजी व पीजी में नामांकन के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू

**रांची.** केंद्रीय विवि, झारखंड (सीयूजे) में सत्र 2023-24 स्नातक व स्नातकोत्तर विषयों में नामांकन के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. इस वर्ष विवि में एकीकृत बीटेक, एमटेक, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, मेटालॉर्जिकल एवं मेटेरियल इंजीनियरिंग, एकीकृत बीएससी, एमएससी गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीवनविज्ञान, पर्यावरणीय विज्ञान, भूगोल, एकीकृत बीए, एमए अंग्रेजी, हिंदी, मास कम्यूनिकेशन, कोरियाई भाषा, चीनी भाषा, मानवविज्ञान, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र में नामांकन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा लिया जायेगा. विवि के पीआरओ नरेंद्र कुमार ने बताया कि विवि में विभिन्न विषयों में नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन 12 मार्च तक जमा कर सकते हैं. नामांकन के लिए 12वीं पास या परीक्षा में शामिल होनेवाले विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं. विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाइट से भी हासिल कर सकते हैं.

**क्विक बाइट्स**

## सीयूइटी-यूजी : आवेदन की अंतिम तिथि अब 30 तक

**नयी दिल्ली.** सीयूइटी-यूजी के दूसरे संस्करण के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ा कर 30 मार्च कर दी गयी है. यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने शुक्रवार को यह घोषणा की. पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तारीख 12 मार्च थी. परीक्षा 21 मई से 31 मई निर्धारित की गयी है.

# सीयूईटी के लिए आवेदन की तिथि 30 मार्च तक बढ़ी

**उच्च शिक्षा**

- एनटीए ने सीयूईटी यूजी-2023 के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 मार्च तक बढ़ाई
- कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन 21 से 31 मई तक तीन पालियों में होगा

रांची, प्रमुख संवाददाता। केंद्रीय विवि झारखंड (सीयूजे) में एकीकृत (इंटीग्रेटेड) स्नातक-स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) का स्कोर ही आधार बनेगा। वैसे अभ्यर्थी जो अब तक सीयूईटी में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए हैं, उनके लिए अब भी मौका है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी यूजी-2023 के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 मार्च तक बढ़ा दी है। इच्छुक अभ्यर्थी एकीकृत स्नातक-स्नातकोत्तर कोर्स के लिए विवि की आधिकारिक वेबसाइट- www.cuj.ac.in, www.nta.ac.in या cuet.samarth.ac.in से 30 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च तक ही थी।

शुल्क भुगतान विंडो 30 मार्च तक खुली रहेगी। सीयूईटी-यूजी 2023 के आवेदन पत्र के लिए सुधार विंडो एनटीए की ओर से 1 अप्रैल को खोला जाएगा और 3 अप्रैल को बंद कर दिया जाएगा। एनटीए 30 अप्रैल को परीक्षा शहर सूचना पर्ची जारी करेगी, जिसके बाद सीयूईटी-यूजी के लिए एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। सीयूईटी का आयोजन 21-31 मई तक होगा।

### सीयूजे में कुल 673 सीटों पर नामांकन होगा

सीयूजे में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए 18 एकीकृत स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में कुल 673 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा। जिन विषयों में एकीकृत स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध है, उनमें- बीटेक-एमटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल व सिविल इंजीनियरिंग, मेटालर्जिकल एंड मेटेरियल इंजीनियरिंग, एकीकृत बीएससी-एमएससी गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, पर्यावरणीय विज्ञान, जीवनविज्ञान, भूगोल, एकीकृत बीए-एमए अंग्रेजी, हिंदी, कोरियाई व चीनी भाषा, मानवविज्ञान, राजनीतिविज्ञान मास काम और अर्थशास्त्र शामिल हैं।

सीयूजे के एकीकृत स्नातक-स्नातकोत्तर कोर्स में प्रवेश के लिए इंटरमीडिएट उत्तीर्ण या उसमें सम्मिलित होनेवाले अभ्यर्थी, जिनका परीक्षाफल नामांकन के समय प्रकाशित हो सकता है, आवेदन कर सकते हैं।

# सीयूजे: इंटीग्रेटेड स्नातक और स्नातकोत्तर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

रांची, प्रमुख संवाददाता। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) में सत्र 2023-24 इंटीग्रेटेड स्नातक-स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इस वर्ष सीयूजे में इंटीग्रेटेट बीटेक-एमटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, मेटालर्जिकल एंड मेटेरियल इंजीनियरिंग, इंटीग्रेटेड बीएससी-एमएससी गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीवनविज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भूगोल, इंटीग्रेटेड बीए-एमए अंग्रेजी हिन्दी, मास कम्युनिकेशन, कोरियाई भाषा, चीनी भाषा, मानवविज्ञान, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र में दाखिला लिया जाएगा।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेजुएट (सीयूईटी यूजी-2023) के माध्यम से प्रवेश मिलेगा, जिसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट- www. cuj. ac. in या www. nta. ac. in. https:// cuet. samarth. ac. in से ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 मार्च है।